# डा0 उर्मिला ठाकुर, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या - 1/210/95 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-<br>(क) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के लगभग 3800 किलोमीटर लंबी नदियों के दोनों तरफ के निरीक्षण कर चूहों और लोमड़ियों द्वारा किये गये बिलों मे पानी जाने से तटबंधों को टुटने से बचाव हेतु संबंधित कनीय अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता द्वारा जायजा लेकर उक्त तटबंधों की खास निगरानी की कार्य योजना बनाई गयी है; | वस्तुस्थिति यह है कि राज्य अंतर्गत मुख्य नदियों पर लगभग 3808 किलोमीटर लंबाई में निर्मित तटबंधों का संबंधित कनीय अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक के पदाधिकारी द्वारा विशेष मुहिम चला कर निरीक्षण कराया गया है एवं तटबंध में चूहों, साहिल एवं अन्य जन्तुओं द्वारा निर्मित बिल/सुराख की मरम्मति करायी गयी है। |
| (ख) क्या यह सही है कि राज्य में स्थित गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, कमला, घाघरा, पुनपुन, चांदन, महानंदा, गंगा, सोन, किउल, हरोहर आदि नदियों के दोनों तरफ तटबंधों के चार पहिया वाहन के आवागमन लायक मोटा चौड़ीकरण करते हुए दोनों तटबंधों के दोनों तरफ पंक्तिबद्ध रूप से फलदार और इमारती वृक्ष लगाकर क्षतिग्रस्त तटबंधों के टूटने से बचाव करने की अति आवश्यकता है; | प्रश्नगत नदियों पर निर्मित तटबंधों का आवश्यकतानुसार सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य निधि के उपलब्धता के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कराया जाता है। वर्तमान में कुल 1587.96 किलोमीटर की लंबाई में तटबंधों का शीर्ष पक्कीकृत कर लिया गया है तथा 276.22 किलोमीटर की लंबाई में पक्कीकरण कार्य प्रगति में है। |
| (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड-'ख' पर अंकित नदियों के दोनो ओर के तटबंधों को चार पहिया वाहन के आवागमन लायक मोटा चौड़ीकरण कर उसके दोनों तटबंधों के दोनो तरफ फलदार और इमारती वृक्ष लगाकर उसे टूटने से बचाव करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों? | तटबंध के उपर एवं स्लोप पर फलदार और इमारती वृक्ष रोपण तकनीकी दृष्टिकोण से मानक के अनुरूप नहीं है। तटबंध के दोनों तरफ उपलब्ध चार्ट लैण्ड में वृक्षारोपण पर्यावरण, वन और जलवायु परिर्वतन विभाग द्वारा करायी जाती है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–06–04 / 2025..................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1 / 210 / 95 का उत्तर प्रतिवेदन तीन प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–06–04 / 2025..................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–06–04 / 2025..................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल बाढ़, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–06–04 / 2025.........3676..........पटना / दिनांक :...05.8.25

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/8/25

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के अवर सचिव